Title: Regarding construction of a bridge over Manusmara River in Sitamarhi district, Bihar-laid

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे क्षेत्रांतर्गत सीतामढ़ी जिला के परसौनी प्रखंड मनुष्यमारा नदी पर देमा पंचायत के मुसहरी टोला से शीतलपट्टी के बीच पुल निर्माण कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है। ज्ञात हो कि परसौनी प्रखंड एक पिछड़ा हुआ तथा घनी आबादी वाला इलाका है। जहाँ पुल निर्माण नहीं होने से लोगों को काफी ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बाढ़ एवं बरसात के दिनों में लोग नाव और चचरी पुल के सहारे नदी पार करने को विवश होते है। जहाँ कई छोटी बड़ी दुर्घटनाएँ होती रहती है और जान माल की क्षति होती है। अतः सरकार से अनुरोध होगा कि जनहित में उपरोक्त परसौनी प्रखंड अंतर्गत मनुष्यमारा नदी पर देमा पंचायत के मुसहरी टोला से शीतलपट्टी के बीच पुल निर्माण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।